
# 20 हजार वर्गफीट के डोम में होगी धर्मसभा

## औबेदुल्लागंज पहुंचे समय सागर महाराज, कल राजधानी में मंगल आगमन





**निज संवाददाता**

**भोपाल, 17 जुलाई. आचार्यश्री समयसागर जी महाराज का शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे औबेदुल्लागंज में मंगल आगमन हुआ. यहां मुनिश्री विमलसागर महाराज एवं अनंतसागर महाराज ससंघ ने आचार्यश्री के श्रीचरण वंदना कर पाद प्रक्षालन किया. इधर, राजधानी में आचार्यश्री का मंगल आगमन रविवार 19 जुलाई को होगा.**

भोपाल के एमपी नगर स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन विद्योदय तीर्थ मंदिर में आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के चातुर्मास को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा चुकी हैं. मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है, भव्य पंडाल सजाए जा रहे हैं और लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए ठहरने और भोजन की विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं. मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष पंकज जैन सुपारी और संयोजक राकेश जैन व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं और लगातार तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं.

पंकज जैन ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं. धर्मसभा के लिए लगभग 20,000 वर्गफीट का विशाल डोम, भोजनशाला के लिए 10,000 वर्गफीट का विशाल पंडाल तथा मुनिसंघ के आहार के लिए 50 चौकों की व्यवस्था की गई है. इसके अतिरिक्त बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए एम.पी. नगर एवं आसपास स्थित जैन मंदिरों एवं धर्मशालाओं में समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं.

आचार्यश्री का भोपाल आगमन 19 जुलाई को प्रात: 6:30 बजे नारायण नगर मंदिर में होगा. उनकी अगवानी निर्यापक मुनिश्री संभवसागर महाराज करेंगे. यहां से विद्योदय तीर्थ एमपी नगर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी. लगभग 10 वर्षों बाद किसी आचार्य का भोपाल में चातुर्मास हो रहा है, इससे जैन समाज में विशेष उत्साह है. वर्ष 2016 में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का चातुर्मास भी इसी स्थल पर हुआ था, जिसके बाद यह आयोजन हो रहा है.

दीपावली की चतुर्दशी पर पिच्छी परिवर्तन के साथ चातुर्मास का समापन होगा. प्रतिदिन 10 से 20 हजार श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है., पूरे आयोजन में 5 से 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है.



मंदिर निर्माण के सदस्य राजीव जैन ने बताया यह हमारा परम सौभाग्य है कि आचार्य श्री ने भोपाल को चातुर्मास के लिए चुना. समाज और प्रशासन के सहयोग से तैयारियां की जा रही हैं और देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं.

# भगवान जगन्नाथ की हुई घर वापसी

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 17 जुलाई. जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ की शुक्रवार को अपने घर वापसी हुई. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान का रथ खींचा और पूजा-अर्चना कर आरती उतारी.**

गौरतलब है कि गुरुवार को जगदीश स्वामी मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई. रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. महामंडलेश्वर जगदीश दास त्यागी महाराज ने बताया कि रथयात्रा पॉलीटेक्निक, भारत भवन, कमला पार्क, सोमवारा, भवानी चौक और लखेरापुरा चौक बाजार होते हुए खटलापुरा मंदिर पहुंची. यहां रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार की सुबह रथयात्रा प्रोफेसर कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पहुंची.और नगर भ्रमण के बाद भगवान जगन्नाथ की पुन: जगदीश मंदिर में वापसी हुई. इस दौरान देशभर से आए साधु संतों का स्वागत किया गया. शहर में जगदीश मंदिर के अलावा तीन अलग-अलग जगह से रथयात्राएं निकाली गई थीं.



## इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा आज, 20 हजार श्रद्धालुओं को मिलेगा महाप्रसाद

इस्कॉन द्वारा शनिवार 18 जुलाई को भगवान श्रीजगन्नाथ की 13वीं भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी. रथयात्रा सायं 4 बजे भोपाल टॉकीज से शुरू होकर हमीदिया रोड, भारत टॉकीज, रोशनपुरा चौराहा, न्यू मार्केट होते हुए प्लेटिनम प्लाजा पहुंचेगी. इस आयोजन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, जिनमें रूस, अमेरिका और नीदरलैंड के भक्त भी शामिल हैं. भगवान के लिए विशेष रथ तैयार किया गया है, जिसकी ऊंचाई करीब 27 फीट है. यात्रा के दौरान लगभग 400 किलो खाजा महाप्रसाद वितरित किया जाएगा, जिससे करीब 20 हजार श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे. समापन स्थल पर 5 से 7 हजार श्रद्धालुओं को हलवा का प्रसाद वितरित जाएगा. यह रथयात्रा पुराने और नए भोपाल को जोड़ने का संदेश देगी.

## एक नजर में



### भेल में हिन्दी ई-पत्रिका 'संप्रेषण' का विमोचन

**भोपाल, 17 जुलाई (बीएचईएल संवाददाता).** बीएचईएल के आईसीटी विभाग ने शुक्रवार को प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में हिन्दी ई-पत्रिका 'संप्रेषण' का विमोचन किया. इस अवसर पर विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (एसओएम) राजेश कुमार अग्रवाल थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर महाप्रबंधक (आईसीटी) एच.के. पाटिल ने की. इस अवसर पर प्रबंधक (राजभाषा) पूनम साहू सहित आईसीटी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### एम्स में 105 बच्चों को कराया स्वर्ण प्राशन



**भोपाल, 17 जुलाई.** एम्स के आयुष विभाग द्वारा पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आयुर्वेद ओपीडी में नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया. बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 105 बच्चों ने भाग लिया. इनमें से 78 बच्चे पुराने थे, 27 नए बच्चों का पहली बार पंजीकरण किया गया. बता दें कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाना और अभिभावकों को बाल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है. संस्थान की आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ रंजना पांडे ने एक से 16 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया. इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में स्वर्ण प्राशन को बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाने में बेहद असरदार माना गया है.

# राष्ट्रीय अजजा अध्यक्ष आर्य ने किया पौधारोपण

**आयोग अध्यक्ष का भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल दौरा**

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 17 जुलाई. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल का दौरा किया. इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.**

आयोग अध्यक्ष आर्य ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक है.




भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल मंडल के सीजीएम प्रभाष कुमार सुबुद्धि, महाप्रबंधक भरत कुमार मिश्रा, सेवा संगठन के पदाधिकारी, एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे. पौधारोपण के बाद सेवा संगठन के पदाधिकारियों एवं भारतीय स्टेट बैंक के सीएमसी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई. बैठक में जनजातीय समाज के समग्र विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, वित्तीय समावेशन तथा समाज एवं बैंक के मध्य समन्वय को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा हुई. बैठक में आर्य ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों की भूमिका केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना भी उनकी जिम्मेदारी है. सीजीएम सुबुद्धि ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति भी पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा बैंक निरंतर समाजहित से जुड़े अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा.

# मासूम के गले में फंसा टूथब्रश बिना चीर-फाड़ के निकाला

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 17 जुलाई. पांच साल के एक बच्चे के गले में टूथब्रश का टुकड़ा फंस गया था. हमीदिया के डॉक्टरों ने बिना चीरा लगाए ब्रश के टुकड़े को निकालकर बच्चे की जान बचा ली.**

हमीदिया अस्पताल के ईएनटी विभाग की डॉ. कीर्ति वाई. के अनुसार इस केस में सबसे बड़ा जोखिम बच्चे को एनेस्थीसिया देना था. मुंह में खून और लार के कारण सांस की नली में ट्यूब डालना खतरनाक था. वहीं केस की गंभीरता को देखते हुए डॉ. स्मिता सोनी के नेतृत्व में डॉक्टरों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत इमरजेंसी ऑपरेशन का फैसला किया. विभाग की डॉ. वंदना ने बच्चे की श्वांस नली में ट्यूब डाली. जिससे डॉक्टरों को गले में बाहर से चीरा लगाने (ट्रेकियोस्टॉमी) की जरूरत नहीं पड़ी. डॉक्टरों ने पहले टूथब्रश के टुकड़े को अंदर ही धीरे-धीरे घुमाया, फिर उसे खड़ा करके मुंह के रास्ते बाहर निकाला. खेलने के दौरान ब्रश का टुकड़ा बच्चे के गले के तालू को चीरता हुआ टॉन्सिल में फंस गया. बच्चे के मुंह में काफी खून भर चुका था. तालू पूरी तरह सूज गया था जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई थी.

# मप्र भोज विवि में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, 31 तक होंगे आवेदन

**भोपाल, 17 जुलाई. मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं.**

विश्वविद्यालय द्वारा दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है. विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी स्थान से अध्ययन कर सकते हैं. विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में प्रवेश उपलब्ध हैं.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थी चाहे तो एक साथ दो पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकता है, जिनमें एक पाठ्यक्रम भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय से एवं दूसरा पाठ्यक्रम किसी अन्य विश्वविद्यालय या महविद्यालय से कर सकता है. विद्यार्थी चाहे तो दूरस्थ शिक्षा के अंतर्गत दो पाठ्यक्रम भोज विश्वविद्यालय से एक साथ पूरे किए जा सकते हैं.

## टैलेंट सर्च ट्रायल में 93 ने दिखाई प्रतिभा

**भोपाल, 17 जुलाई.** टी.टी. नगर स्टेडियम में शुक्रवार को टैलेंट सर्च के तहत बैडमिंटन, टेनिस डे-बोर्डिंग चयन ट्रायल आयोजित किए गए. दोनों खेलों में कुल 93 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई. बैडमिंटन के 75 और टेनिस के 18 खिलाड़ी शामिल रहे. आयोजकों के अनुसार बैडमिंटन ट्रायल में खिलाड़ियों के फुटवर्क, तकनीक, गति, फिटनेस और मैच के दौरान फैसले लेने की क्षमता का आकलन किया गया. टेनिस खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, शारीरिक फिटनेस की भी जांच की गई. चयन समिति ने तय मानकों के आधार पर सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया.

# चेन्नई के बच्चों ने जाना 2300 साल का इतिहास

## राज्य संग्रहालय का 40 छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 17 जुलाई. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय में चेन्नई के वीएनएस कॉलेज के आर्किटेक्चर और आर्कियोलॉजी के 40 छात्र-छात्राओं ने गत दिवस शैक्षणिक भ्रमण किया. यह दल प्रोफेसर महालक्ष्मी और असिस्टेंट प्रोफेसर शब्बीर अहमद के नेतृत्व में संग्रहालय पहुंचा, जहां उन्होंने भारतीय कला, मूर्तिकला और मंदिर वास्तुकला का गहन अध्ययन किया.**



संग्रहालय विशेषज्ञ बी. के. लोखंडे ने छात्रों को गाइडेड टूर के माध्यम से दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर 17वीं शताब्दी तक की मूर्तियों और कलाकृतियों के विकासक्रम की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि संग्रहालय में लगभग 2300 साल पुरानी मूर्तियों से लेकर मध्यकालीन काल तक की 250 से अधिक दुर्लभ प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं. यहां शैव, वैष्णव, जैन और बौद्ध धर्म से जुड़ी विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां भी मौजूद हैं.

## नगर में आज

**ठुमरी-दादरा राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन**
**समय-** दोपहर 1:30 बजे, **स्थान-** नूतन कॉलेज, शिवाजी नगर

**फ़िल्म 'इन्विक्टस' का प्रदर्शन**
समय- दोपहर तीन बजे, स्थान-गांधी भवन

**मेरे कृष्ण नाटक मंचन**
**समय-**दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे, **स्थान-** रवींद्र भवन

**पोस्टमास्टर नाटक का मंचन**
**समय-**शाम 7 बजे, **स्थान-**चेतना थियेटर, नीलबड़

**आखिरी बस नाटक मंचन**
**समय-** शाम 6 बजे, **स्थान-**अंजनी सभागार, रवींद्र भवन

**शालाका चित्र प्रदर्शनी**
**समय-** दोपहर 12 बजे से, **स्थान-**जनजातीय संग्रहालय

**माह का प्रादर्श**
**समय-**सुबह 10 बजे से, **स्थान-**मानव संग्रहालय

# 18 पुराणों में देवी भागवत का विशेष महत्व : ऋचा

**मानस भवन में श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का शुभारंभ**


**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 17 जुलाई. मानस भवन के पंडित रामकिंकर उपाध्याय सभाकक्ष में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत पुराण ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ. कथा के प्रथम दिन विदुषी रिचा गोस्वामी ने देवी भागवत के महत्व को बताते हुए कहा कि 18 पुराणों में देवी भागवत का विशेष महत्व है.**



उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति का सबसे बड़ा गौरव यही है कि संसार का सभी ज्ञान हमारे पुराणों में वर्णित है. महर्षि व्यास जी ने बहुत शोध तप और भगवान की कृपा से इन पुराणों की रचना की है. उन्होंने कहा कि यह ऐसा अमृत है, जो अमरता के साथ हम मनुष्यों को निर्भय भी बनाता है. साथ ही न केवल इस लोक में अपितु परलोक में भी सुख प्रदान करता है, सारे शास्त्रों का सार देवी भागवत है.

## नारायण श्याम की जयंती पर संगीत संध्या 22 को



**संतनगर, 17 जुलाई.** उपनगर की साहित्यिक संस्था सिन्धु द्वारा सिंधी के मूर्धन्य कवि नारायण श्याम का 105वां जन्मदिन संगीत संध्या के रूप में 22 जुलाई को संस्कार पब्लिक स्कूल में मनाया जाएगा. विशेष अतिथि के रूप में डॉ. विनोद आसूदानी (नागपुर), दिलीप आसूदानी, राजेश आसूदानी एवं राम हबलाणी उपस्थित रहेंगे. भगवान बाबानी के कहानी संग्रह 'हीड छा थी वियो' का विमोचन किया जाएगा.

# इंदौर में भोपाल ने जीते 13 पदक

## 54वीं सब जूनियर और मिनी ग्रुप राज्य तैराकी प्रतियोगिता

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 17 जुलाई. इंदौर में चल रही 54वीं सब जूनियर और मिनी ग्रुप राज्य तैराकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन भोपाल के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 9 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 13 पदक अपने नाम किए.**

इस प्रदर्शन के साथ दो दिन में भोपाल की कुल पदक संख्या बढ़कर 25 हो गई है, जिसमें 5 स्वर्ण, 15 रजत और 5 कांस्य शामिल हैं. प्रतियोगिता का अंतिम दिन शनिवार को खेला जाएगा.



भोपाल की ओर से तेजस बाथम सबसे सफल खिलाड़ियों में रहे. उन्होंने ग्रुप-3 की 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता. 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक भी हासिल किए.

**विचार-विमर्श** | बीएचईएल में दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला

# भेल में ट्रैक्शन मोटर के रखरखाव पर मंथन

**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 17 जुलाई. बीएचईएल भोपाल के ट्रैक्शन सर्विसेज विभाग द्वारा बीएचईएल 6 एफआरए ट्रैक्शन मोटर के संचालन एवं रखरखाव पर केंद्रित दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय रेलवे और बीएचईएल के बीच तकनीकी समन्वय को मजबूत करना तथा ट्रैक्शन मोटरों के रखरखाव की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना था.



कार्यशाला में देशभर के विभिन्न रेलवे शेडों के प्रतिनिधियों के साथ बीएचईएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया. इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक (टीएक्सएस एवं टीएमएक्स) धर्मेंद्र, अतिरिक्त महाप्रबंधक (टीएमई) मनीष वर्मा, अतिरिक्त महाप्रबंधक (टीएमई) विकास रावतिया, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (टीएमएक्स) संजय कुमार तथा उप महाप्रबंधक (टीएमएक्स) सुबोध प्रसाद उपस्थित रहे.

विशेषज्ञों ने ट्रैक्शन मोटरों की जटिल तकनीकी विशेषताओं, रखरखाव प्रक्रियाओं तथा नवीनतम तकनीकी विकास पर विस्तृत जानकारी दी. रेलवे प्रतिनिधियों ने बीएचईएल की असेंबली एवं मेंटेनेंस सुविधाओं का दौरा कर निर्माण और सर्विसिंग प्रणालियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा अभियंताओं के साथ मोटरों के प्रदर्शन और विश्वसनीयता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की.

# छात्राओं को मिला सफलता और नेतृत्व का मंत्र

**संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम**

**नवभारत न्यूज**

**संत नगर, 17 जुलाई. संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशी छात्राओं के लिए दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य नई छात्राओं को महाविद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना, उनमें आत्मविश्वास का संचार करना तथा उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास की दिशा में प्रेरित करना रहा.**



कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. डॉलीमा पारवानी के स्वागत उद्बोधन से हुई. उन्होंने छात्राओं का आत्मीय अभिनंदन करते हुए उन्हें बड़े सपने देखने, लक्ष्य निर्धारित करने, प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने और जीवन में निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया. प्रख्यात लाइफ कोच, मास्टर फैसिलिटेटर, मेंटर एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. राजीव अग्रवाल ने व्याख्यान में कहा कि महाविद्यालय का समय जीवन का स्वर्णिम काल होता है, क्योंकि इसी दौरान अर्जित ज्ञान, अनुभव, संस्कार और व्यक्तित्व व्यक्ति के संपूर्ण भविष्य को नई दिशा प्रदान करते हैं. द्वितीय सत्र में प्रो. मिमी अब्राहम द्वारा रोचक मैनेजमेंट गेम्स एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया. इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता का विकास हुआ.